कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-31.12.2024

विषय:- नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त अंकित गोड़ उर्फ सोनू थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सहायता से मु0अ0सं0-444/2024 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित नाबालिग अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद करते हुए नामजद वांछित अभियुक्त अंकित गोड़ उर्फ सोनू पुत्र घुरहू प्रसाद निवासी ग्राम ढेरही थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक-31.12.2024 को समय करीब 11.35 बजे मोहाव चौराहा थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-31.12.2024 को वादी मुकदमा ने विपक्षी अंकित गोड़ उर्फ सोनू के द्वारा वादी की नाबालिक पुत्री उम्र करीब 17 वर्ष को दिनांक-28.12.2024 को अपने साथ बहला-फुसलाकर कही भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना चोलापुर में मु0अ0सं0-444/2024 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 आदित्य सेन सिंह के द्वारा सम्पादित की जा रही।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अंकित गोड़ उर्फ सोनू पुत्र घुरहू प्रसाद नि0 ग्राम ढेरही थाना चोलापुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 20 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहृता/पीड़िता, उम्र करीब 17 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

मोहाव चौराहा थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से, दिनांक-31.12.2024 को समय करीब 11.35 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 444/2024 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1- उ0नि0 आदित्य सेन सिंह थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।

2- का0 देशनाथ सिंह थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।

3- म0का0 विमला थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।